# कलेक्टर ने सुनीं 120 आवेदकों की समस्याएं



## अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गत मंगलवार 13 मई 2025 को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 120 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पी एम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, बिजली ट्रांसफार्मर लगाने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम खुनाझिरखुर्द की शारदा भावरकर ने आवासीय भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम मुजावरमाल के राजकुमार ने प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई फसल का मुआवजा दिलाने, ग्राम दातलावादी के श्री अली खान ने कुटुम्ब के लोगों की राजस्व अभिलेखों में दर्ज रकबों के अनुसार कृषि भूमियों के नक्शों में सुधार कार्य करवाने एवं त्रुटिपूर्ण राजस्व अभिलेख को सुधरवाने, जुन्नारदेव के वार्ड नंबर-3 के अशोक उईके ने भूमि पट्टे में खसरा नंबर सुधारकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पिपरिया के पुष्पेश यादव ने नक्शा दुरूस्त करने, ग्राम बीझावाड़ा के देवीराम ने भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम महुआटोला के वार्ड क्रमांक 41 के वार्डवासियों ने सुगम विद्युत प्रदाय करने की समस्या सामने रखी।

ग्राम पचगोल के ग्रामवासियों ने पीने के पानी के लिये नल जल योजना का लाभ दिलाने एवं ग्राम विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने, परासिया के वार्ड नंबर-12 की श्रीमती ममता जैन ने लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने, अमरवाड़ा के नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, छिंदवाड़ा नगर के वार्ड नंबर- 45 के वार्डवासियों ने पुराने आर.टी.ओ. ऑफिस के पास से सड़क सुधार कार्य कराये जाने, ग्राम इमलीखेड़ा के गोल्डी माहोरे ने रेत का अवैध खनन रोकने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार व संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

बता दें कि अधिकांश जनसुनवाई में ऐसे लोग भी आएं जो पिछले कई सप्ताह से अपनी शिकायतें करने आ रहे थे परंतु उनकी समस्याओं का निराकरण अभी तक नहीं हुआ है जो दुखी और निराश देखे गए तथा पुनः आवेदन देकर गंतव्य के लिए चलें गए



## निजी बस स्टैंड के कुंए में मिला अज्ञात युवक का शव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के प्रायवेट बसस्टैंड स्थित बने कुंए में आज दोपहर उस समय सनसनी फैल गई। जब एक युवक का शव कुएं में तैरता हुआ दिखाई दिया। तत्काल कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी गई, जहां पुलिस टीम द्वारा युवक के शव को कुएं से बाहर निकाला गया।

कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि आज सुबह सूचना पर पहुँची पुलिस ने 40 से 45 वर्षीय अज्ञात युवक की बॉडी कुएं से निकाली है। मृतक ने लोवर व शर्ट पहनी हुई है।

मृतक के जेब से किसी भी प्रकार के कोई डॉक्यूमेंट भी नही मिले हैं जिससे उसकी शिनाख्त नहीं की जा सकी है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि बॉडी 3 से 4 दिन पुरानी है। जबकि शरीर मे किसी भी प्रकार के चोट के निशान भी नही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## सार-समाचार

### श्री श्री रविंशकर का जन्म उत्सव मनाया गया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी का जन्म उत्सव मंगलवार को पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह मॉर्निंग साधना पूजा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लिया और गुरुदेव की आवाज में सुदर्शन क्रिया का अभ्यास किया। योगा सेशन का संचालन दीप्ति शर्मा ने किया, जबकि सुदर्शन क्रिया का मार्गदर्शन सुरेश पवार द्वारा किया गया। खास बात यह रही कि जन्मोत्सव के अवसर पर छिंदवाड़ा में श्री श्री गुरुदेव के ध्यान मंदिर का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। यह आयोजन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्रीमती श्वेता चड्ढा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान मध्य प्रदेश अपेक्स मेंबर मनीष अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूजन में मुख्य यजमान की भूमिका श्रीनाथ अग्रवाल ने निभाई। श्वेता चड्ढा ने जानकारी दी कि यह ध्यान मंदिर 15,000 स्क्वायर फीट क्षेत्र में बनेगा, जिसमें योगा, मेडिटेशन, ध्यान और एडवांस्ड कोर्स आयोजित किए जाएंगे। साथ ही बच्चों के लिए विशेष कोर्स भी संचालित होंगे। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि जल्द ही गुरुदेव श्री श्री रविशंकर छिंदवाड़ा पधारने वाले हैं। इस संबंध में सांसद ने गुरुदेव को आमंत्रण पत्र भेजा था, जिसे गुरुदेव ने सहर्ष स्वीकार कर लिया है।

### ग्राम पंचायत सिल्लेवानी में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, पहुंचे विधायक



**मोहखेड़, देशबन्धु।** विगत दिनों से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन पर सौसर विधानसभा के विधायक विजय रेवनाथ चौरे, पांढुरना विधानसभा के विधायक निलेश उईके ने विजेता व उपविजेता दोनों ही टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन कर इनाम की राशि 21,000/- रूपये व ट्राफी वितरण कर बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रघुवीर मोहने, जनपद पंचायत मोहखेड़ उपाध्यक्ष ईश्वर वाडीवा, अधिवक्ता अनवर खान, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सिल्लेवानी देवकरण पटेल, मिलिंद घोघरे, योगेश राजनकर, समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### श्रेयश पवार का सुयश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा के प्रथम विहार निवासी लीना पति बबन पवार के सुपुत्र श्रेयश पवार ने कक्षा 12 वी बोर्ड सी.बी.एस.ई. में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया है। इसका श्रेय उन्होंने अपने माता पिता भाई एवं शिक्षकों को दिया है। श्रेयश पवार के इस कामयाबी के लिए प्रथम विहार के निवासियों ने भी शुभकामनाऐं दी है।

### सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से सांसद मिलेंगे आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू दिल्ली प्रवास से लौटने के बाद आज 14 मई को अमरवाड़ा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान सांसद साहू अमरवाड़ा में दोपहर 12:30 बजे विगत दिनों सड़क दुर्घटना में मृत हुए तीन लोगों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। वहीं ग्राम लिंगपानी में दोपहर 1:00 बजे विगत दिनों सड़क दुर्घटना में मृत हुए दो लोगों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। दोपहर 2 बजे सिंगोड़ी में राजेश कहार के निवास स्थान पर आयोजित विवाह समारोह में शामिल होंगे।

# विश्व को युद्ध की नहीं, बुद्ध की जरूरत : ममता माहोरे

## चंदनगांव में समारोहपूर्वक मनाई गई बुद्ध जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सुजाता महिला मंडल, त्रिरत्न जन कल्याण समिति चन्दनगाव के संयुक्त तत्वावधान में विश्व को शांति का संदेश देने वाले महाकरुणिक तथागत गौतम बुद्ध की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। बुद्ध विहार में सुबह 10 बजे से प्रारंभ समारोह पंचशील ध्वजारोहण, गौतम बुद्ध व डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर की प्रतिमाओं को पुष्प माल्यार्पण कर मोमबत्ती प्रजलवित कर परित्राण पाठ, सामुहिक बुद्ध वंदना के साथ हुआ। समाज के प्रतिष्ठित नागरिक मनोहर नारनवरे, एस.आर. बेले, ममता सहारे, लीला नारनवरे ने तथागत गौतम बुद्ध की जीवनी व उनके द्वारा दिये गए सारगर्भित उपदेशों पर विचार प्रगट किये।

तत्पश्चात बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, उन्हें पुरस्कृत किया गया। साथ ही समाज सेवा के लिये अपना योगदान देने के लिये लीना गोलाइत शिक्षिका, समृद्धि श्यामकुवार एम.बी.बी.एस., वर्षा बेले, शिक्षिका, संदीप सोमकुंवर बैंक अधिकारी को मानपत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रेरणा पगारे, सरोज गोलाइत, ममता श्यामकुवार सहित भारी संख्या में बौद्ध उपासक ध् उपसिकाएँ मौजूद थे। बता दें कि भगवान बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाने के साथ साथ सभी ने शपथ भी लिया और बुद्ध के संदेश को पढ़ा।



# अलग अलग हादसों में छह लोगों ने गंवाई जान, परिजनों में शोक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के अलग-अलग थाना अंतर्गत अलग-अलग हादसों में 6 लोगों ने अपनी जान गवा दी। जिला अस्पताल में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पहली घटना लावाघोघरी थाना अंतर्गत की बताई जा रही है। जहाँ कैलाश पिता सूरज इवनाती उम्र 24 साल निवासी चुकाबोह ने सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवा दी।

इसी प्रकार संगीत पिता रामपत कुमरे उम्र 25 साल निवासी गोरेघाट थाना मोहखेड़ भी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।

वहीं कुंडीपूरा थाना अंतर्गत ललित पिता मानसिंग उइके उम्र 26 साल ने भी एक सड़क हादसे में अपनी जान गवा दी।

वहीं कुंडीपुरा थाना अंतर्गत रामभरोस पिता सुरती मर्सकोले उम्र 50 साल निवासी मेड़कीताल ने अज्ञात कारणों के चलते घर मे ही फाँसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

वहीं दूसरी फांसी की घटना लावाघोघरी थाने के ग्राम बांडाबोह से सामने आई है। यहां पर 20 वर्षीय पंकज पिता महेश परतेती ने फांसी लगा ली।

इसी प्रकार बीते रोज खजरी निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग की मधुमक्खियों के हमले में हालत गम्भीर होने से जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां लगाकर चले उपचार के बाद आज नोखे पिता विपत धुर्वे ने भी दम तोड़ दिया।

# पुलिस लाइन में दस दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शुरू

## बच्चों में एकाग्रता, आत्म चेतना और आंतरिक शांति के लिए हार्टफुलनेस हैदराबाद संस्था दे रही है प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 13 मई 25, बच्चों की एकाग्रता, आत्म-चेतना और आंतरिक शांति को विकसित करने हेतु हार्टफुलनेस हैदराबाद संस्था द्वारा छिंदवाड़ा पुलिस लाइन में 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय के आदेश के अनुसार पुलिस अधीक्षक अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन उपनिरीक्षक मुकेश द्विवेदी ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में किया। समापन कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक एजेके राजेश बंजारे, पुलिस लाइन 25 के बच्चे तथा उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

**हार्टफुलनेस क्या है**

हार्टफुलनेस का अर्थ है हृदय की गहराई से जुड़कर जीवन जीना। यह एक ध्यान एवं जीवनशैली पद्धति है जो प्रेम, शांति और स्थिरता की प्राकृतिक अवस्था में रहने की प्रेरणा देती है।

हार्टफुलनेस की मुख्य बातें : हृदय से जुड़ना, स्वयं से गहराई में जुड़ने की प्रेरणा, आंतरिक स्व का अनुभव, आत्म-चेतना और संतुलन की अनुभूति। ध्यान, सरल और प्रभावी तकनीक जो हर पल संतुलन में रहने में मदद करती है। प्राणा होति- सूक्ष्म ऊर्जा संचरण जो ध्यान को गहरा बनाता है।

**सकारात्मक जीवन शैली**- जागरूकता और हृदय की आवाज़ पर जीने की प्रेरणा।शांत और स्थिर मन, आत्म.चेतना का विकास, प्रेम और शांति की भावना, संतुलनपूर्ण जीवन, गहरी आंतरिक शांति,



**हार्टफुलनेस का अभ्यास कैसे करें**

ध्यान, घर पर या किसी ध्यान केंद्र में सीखा जा सकता है। आंतरिक शुद्धिकरण, मन और हृदय की सफाई की तकनीक। संचाररू स्वयं को दूसरों से जोड़ने की विधि। यह केवल ध्यान नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन जीने की कला है।

यह प्रशिक्षण बच्चों के मानसिक, आत्मिक और नैतिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही, जो निश्चित ही उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

# दिगम्बर जैन गोला पूर्व महिला इकाई ने दीनदयाल रसाई में श्रमिकों को कराया भोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दिगंबर जैन गोला पूर्व महिला इकाई, छिंदवाड़ा द्वारा गत 12 मई 2025, दिन सोमवार को मासिक सेवा गतिविधि के अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय रसोई में श्रमिकों को ससम्मान भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्यों ने श्रमिकों के साथ आत्मीय समय बिताया और सेवा व मानवता का संदेश दिया। इकाई की अध्यक्ष मीना सुजीत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसी गतिविधियाँ समाज में सहयोग, करुणा और सकारात्मकता की भावना को प्रोत्साहित करती हैं।

# विद्युत वितरण कम्पनी के शिविर में 141 शिकायतों का हुआ निराकरण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये । इन शिविरों में 141 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 141 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता खुशियाल शिववंशी ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 50, बिल संबंधी 37, बंद/खराब मीटर संबंधी 36, नवीन कनेक्शन संबंधी 12 और अन्य प्रकार की 06 शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 141 शिकायतें प्राप्त हुईए जिसमें से 141 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में तेज रफ्तार वाहनों के कारण सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार शाम को कुंडीपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिहोरा माल में एक और दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान चली गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कुंडीपुरा थाना प्रभारी राकेश बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि देर शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि सिहोरा माल क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया। युवक की पहचान ललित कुमार उइके 23 वर्ष के रूप में हुई है जिसके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आने के कारण युवक ने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि टक्कर मारने वाले वाहन और चालक का सुराग मिल सके।

जिले में पिछले कुछ दिनों में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना आम होता जा रहा है, जिससे आमजन की जान खतरे में पड़ रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है।

## रफ्तार पर अंकुश न होने से बढ़ रहे सड़क हादसे



सोमवार देर शाम छिंदवाड़ा-बैतूल रोड स्थित डीपीएस स्कूल के पास भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्री को अज्ञात भारी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बेटी संगीता कमरे 19 की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि पिता रामपत शाह कमरे 60 वर्ष को गंभीर हालत में नागपुर रेफर किया गया है। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों बाइक से शादी समारोह में शामिल होने सावरी टेमनी गांव जा रहे थे।

स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दीए जिसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के मुताबिक संगीता के शरीर में कई जगह गंभीर चोटें थीं, यहां तक कि टक्कर की तीव्रता से उसकी अतरिया तक बाहर आ गई थी। डॉक्टरों ने उसे बचाने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन वह जिंदगी की जंग हार गई।संगीता ग्वालियर के एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स का काम करती थी। वह रविवार को ही छुट्टी लेकर अपने गांव छिंदवाड़ा लौटी थी। शाम को वह अपने पिता के साथ शादी समारोह में शामिल होने एक्सेल सुपर बाइक से सावरी टेमनी जा रही थी। गाड़ी संगीता चला रही थी, क्योंकि उसने जिद करके पिता से वाहन मांगा था। पिता पीछे बैठे थे, तभी डीपीएस स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

हादसे की जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल की इमरजेंसी टीम एक्टिव हो गई। डॉ. निर्मल ठाकुर, डॉ. शरीक परवेज, डॉ. मोरिंग जॉय, डॉ. खुशी बेले और डॉ. पीयूष आर्य सहित 20 डॉक्टरों की टीम ने संगीता की जान बचाने के लिए 3 घंटे तक लगातार प्रयास किया। इलाज के दौरान उसे तीन यूनिट खून भी चढ़ाया गया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के कारण डॉक्टर संगीता को नहीं बचा सके। वहीं, पिता रामपत को सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जिनको इलाज के लिए नागपुर भेजा गया

हादसे के बाद गोरेघाट इलाके में सन्नाटा पसरा रहा। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस रोड पर भारी वाहन तेज गति से गुजरते हैं, जिससे इस तरह के हादसे अक्सर हो जाते हैं। फिलहाल सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# सिविल अस्पताल ने राष्ट्रीय स्तर पर किया क्वालीफाई

**गाडरवारा, देशबन्धु।** डिलीवरी रूम व मेटरनिटी सुविधाओं में बेहतर कार्य के लिए सीएचसी सिविल हॉस्पिटल गाडरवारा ने राष्ट्रीय स्तर पर अधिकतम अंकों से क्वालीफाई किया है।

नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसर्च सेंटर एनएचएसआरसी द्वारा राष्ट्रीय लक्ष्य कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की राष्ट्रीय गुणवत्ता के अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल गाडरवारा को उक्त बेहतर प्रदर्शन के लिए क्वालीफाई किया है।




कम स्टाफ और काम की अधिकता के बाद भी सिविल हॉस्पिटल के चिकित्सकगण और पैरामेडिकल स्टाफ की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के विधायक और मध्य प्रदेश के शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सभी को बधाई दी है।

ज्ञातव्य है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सिविल हॉस्पिटल निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हॉस्पिटल के उन्नयन के लिए लगातार सर्वोचित प्रयास किये जा रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों को स्वास्थ्य की बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सके, निरंतर यह प्रयास जारी है।

## सार-समाचार

### रावनवाड़ा की बंद कोयला खदान से दिन दहाड़े निकाला जा रहा है कोयला



**परासिया, देशबन्धु।** रावनवाडा में बस्ती के पीछे वेकोलि की बंद खदान में कोल माफिया के द्वारा एक नई खदान खोलकर दिलेरी के साथ दिन दहाड़े बड़ी मात्रा में कोयला निकाला जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि बाकायदा बारूद से विस्फोट कर एवं पंप लगाकर पानी खाली कर जिस तरह कोयला निकालने का काम चल रहा है, उसने प्रशासन की पूरी पोल खोल कर रख दिया है। सवाल यह उठता है कि आखिर खुलेआम कोयला निकालने की छूट कैसे दे दी गई ? क्या इस बात की जानकारी वेकोलि अधिकारियों, कोयला चोरी रोकने के लिए तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों, खनिज अधिकारियों, शिवपुरी पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों को नहीं है ?

सूत्रों का कहना है कि अवैध रूप से पूरी दादागिरी के साथ कोयला निकालने को लेकर सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी के प्रभावशाली नेता एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोग शामिल है। जबकि पूर्व में अवैध कोयला खनन को रोकने के लिए अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न विभागों का संयुक्त दल बनाया गया था। जिसमें यह तय किया गया था कि अवैध कोयले को लेकर जो अपराधी प्रवृत्ति के लोग शामिल है, उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन आज तक हुआ कुछ नहीं। वहीं कोल माफिया के द्वारा पहले रात में कोयला निकाला जाता था, लेकिन अब तो हद तब हो गई जब दिनदहाड़े ही काफी संख्या में मजदूर लगाकर कोयला निकाला जा रहा है। जिसे कोल माफिया के द्वारा शासन को सीधा चैलेंज माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कुछ माह पूर्व राजस्व, पुलिस, वेकोलि एवं वन विभाग के संयुक्त दल ने जेसीबी मशीन से कुछ बंद खदानों के मुहाने बंद कराया था। लेकिन माफिया के द्वारा पुनः न सिर्फ मुहाने खोल दिए गए हैं, बल्कि बंद खदान में नए मोहरे भी खोलकर अच्छे किस्म का कोयला निकाला जा रहा है और काले सोने के इस काले खेल में प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा हुआ है। जिसके कारण कोयले का अवैध उत्खनन जोरों पर है।

सूत्रों ने बताया कि देर रात ट्रैक्टर ट्राली में भरकर कोयला ईट भट्टो को सप्लाई किया जाता है। यह बात भी सामने आई है कि पूर्व में अवैध रूप से मजदूरों से जान जोखिम में डालकर कोयला निकलवाने के कारण कुछ लोगों की दबकर मौत भी हो चुकी है।

### नगर पालिका डोंगर परासिया से 65 इंची एलईडी टीवी गायब-पार्षदों ने की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**परासिया, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पूर्व समय में नगर पालिका प्रशासन द्वारा दो 65 इंची एलईडी टीवी क्रय की गई थीं। वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय में केवल एक एलईडी टीवी ही उपलब्ध है, जबकि दूसरी टीवी का कोई अता-पता नहीं है।

इस विषय में जानकारी मिलने पर वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद आशीष जायसवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया और गायब एलईडी टीवी के संबंध में स्पष्ट जानकारी मांगी। इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अनुज पाटकर एवं वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद पवन सूर्यवंशी ने भी मौखिक रूप से इस विषय में जानकारी मांगी है।

पार्षदों का कहना है कि यदि शीघ्र ही गायब टीवी की जानकारी प्राप्त नहीं होती है, तो इस संबंध में संबंधित थाने में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

नगर पालिका परिषद से अपेक्षा की जाती है कि वह इस मामले की पारदर्शी जांच करवाए और जिम्मेदारों पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# 16 मई को आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पहलगाम हमले के परिणाम स्वरूप भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान से संचालित आतंकवादियों के ठिकानों और उनके ट्रेनिंग कैंपों को ध्वस्त कर दिया। इस ऑपरेशन में कई आतंकवादी सरगना भी मारे गए। भारत के इस ऑपरेशन ने आतंकवादियों के हौसलों को पस्त दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता को लेकर 16 मई को छिंदवाड़ा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है

तिरंगा यात्रा के संयोजक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धर्मेंद्र मिगलानी ने बताया कि भारत द्वारा आतंकवाद के खिलाफ उठाये गए सख्त कदम के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता पर एवं भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने तथा भारतीय सैनिकों को धन्यवाद देने के लिए छिंदवाड़ा के सभी समाज और वर्गों द्वारा 16 मई को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह तिरंगा यात्रा 16 मई को शाम 5 बजे स्थानीय दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर अमित ठेंगे चौक मानसरोवर काम्प्लेक्स तक जाएगी।

यात्रा के संयोजक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धर्मेंद्र मिगलानी एवं सह संयोजक अजय सक्सेना और गुरजीत सिंह बेदी शंटी ने छिंदवाड़ा के पूर्व सैनिक संगठन, सभी सामाजिक संगठन, सभी महिला संगठन, सभी पेंशनर संगठन, सभी धार्मिक संगठन, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, सभी राजनीतिक संगठनों सहित सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# वरिष्ठ नागरिक महामंच ने आठ सदस्यों का मनाया जन्मदिन, किया कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक महामंच छिंदवाड़ा व्दारा गत दिवस खापाभाट रोड स्थित चंदेल लॉन में 8 वरिष्ठ सदस्यों का गीत, संगीत, नृत्य और शेरो-शायरी के साथ जन्मदिन मनाया गया। इन सदस्यों का जन्मदिन माह मार्च व अप्रैल में था।



महामंच के अध्यक्ष टी.एन. मिश्रा की अध्यक्षता और संरक्षक जयशंकर शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष टी.एम.आर. नायडू व तहसील अध्यक्ष पी.आर. डेहरिया की विशेष उपस्थिति में हरिभाऊ मोहितकर, सुभाष कलसुले, ओमप्रकाश नयन, सुरेश घोरसे, श्रीमती शशि कुमरे, एस.आर. प्रजापति, रफीक कुरैशी व गिरीपुंजे का पुष्पमालाओं व पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया गया और स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। कार्यक्रम में हरिभाऊ मोहितकर, ओमप्रकाश नयन व सुरेश घोरसे और उनकी धर्मपत्नियों ने एक-दूसरे को पुष्पमाला पहनाकर खुशियों के रंग भी बिखेरे।

प्रारंभ में महामंच के पदाधिकारियों सहित उपस्थित सभी सदस्यों ने सरस्वती पूजन कर दीप प्रज्वलित किया तथा श्री घागरे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में संरक्षक श्री शुक्ला, अध्यक्ष श्री मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नायडू व तहसील अध्यक्ष श्री डेहरिया ने अपने सारगर्भित उद्बोधनों से सभी के दीर्घायु होने व स्वस्थ निरोगी जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सचिव अशोक मिश्रा व आभार प्रदर्शन सह सचिव बी.एल. बेलवंशी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नंदा ठाकरे, मधुकर ठाकरे, शशि कुमरे व अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

सभी ने सामूहिक भोजन किया और संगीत की स्वर लहरियों के साथ नृत्य भी किया। श्री घागरे ने जन्मदिन गीत व अन्य गीतों का सुमधुर गायन कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सर्वश्री जी.पी. अग्रवाल, डी.पी. डेहरिया, अनिल असोलकर, जी.एस. डेहरिया, जी.डी. लिंगायत और बड़ी संख्या में अन्य सदस्यगण उपस्थित थे ।

# सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के बाद एक सप्ताह के भीतर ही सीबीएसई बोर्ड ने कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं।

छिंदवाड़ा में सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए जिसमें जिले के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया। पहले 12वीं के परिणाम घोषित किए गए इसके बाद दसवीं के नतीजे आए। बारहवीं में फर्स्ट स्टेप की छात्रा मुस्कान गुर्दे ने कला संकाय में 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। वहीं केंद्रीय विद्यालय के करण वर्मा ने विज्ञान संकाय में 95.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए। दसवीं में यशस्व मिश्रा ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में अपना लोहा मनवाया ।



**विद्या भूमि सीबीएसई कक्षा दसवीं और बारहवीं में फिर अव्वल**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विद्या भूमि पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट से अग्रणी रहने का सिलसिला बनाए रखा ।

कक्षा 10 में विद्यालय की छात्रा माधवी सूर्यवंशी 97.2 प्रतिशत शुभ सूर्यवंशी 97 प्रतिशत एवं सपन भारती ने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए। साथ ही सिद्धि मिश्रा, रोहिन घागरे, रितिका मालवीय, शशांक शुक्ला, गार्गी पवार ने 96 प्रतिशत, लतिका उपाध्याय, आयुषी सोलंकी ने 95 प्रतिशत, आशुतोष साहू संस्कार वाडेकर, इशिता तुपकर, आस्था राजपूत, जेहरा बक्शी, मौसमी सूर्यवंशी ने 94 प्रतिशत, साहित्य वाघमारे, शुभ वानखेड़े, श्रेष्ठा रोड़े, लक्ष्मी पटले, आर्या मालवी, खुशी राय, तन्वी चौधरी, हसी विश्वकर्मा ने 93 प्रतिशत, हर्षित साहू, आस्था माहोरे, दिव्यांश राय, मयंक माहोरे, हर्ष सूर्यवंशी, भवानी प्रताप सिंह ने 92 प्रतिशत, इशिका पाठे, लबीब सारा, सृष्टि पाठे ने 91 प्रतिशत नैतिक तुरकर, रिद्धिमा बंदेवार, नुपूर विश्वकर्मा, शौर्य शर्मा, श्रद्धा विश्वकर्मा ने 90 प्रतिशत के साथ सभी ने सफलता हासिल की । 38 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। कम्प्यूटर एप्लिकेशन में सपन भरती, गार्गी पवार एवं आस्था राजपूत ने एवं सोशल साइंस में शुभ सूर्यवंशी ने 100 में 100 अंक अर्जित किए।

क्लास 12 में विद्यालय की छात्रा सारा राजपूत ने 96 प्रतिशत हमजा खान एवं तेजस्विनी शेरके ने 95 प्रतिशत एवं रिशिका सिंह राजपूत ने 92.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। सारा राजपूत ने बिजनेस स्टडी में 100 में से 99 अंक हासिल किए।

स्कूल के 11 छात्र छात्राओं संस्कृति दुबे ने 92 प्रतिशत, राघव चांडक ने 92.00 प्रतिशत, वैभव सूर्यवंशी ने 91.4 प्रतिशत, तरंग सूर्यवंशी ने 91 प्रतिशत आर्जव जैन, संजिता नंदा ने 90.2 प्रतिशत एवं आदित्यराम बघेल ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर साइंस एवं कामर्स एवं आर्टस सभी संकायों में शानदार प्रदर्शन किया।

**केंद्रीय विद्यालय का बेहतर प्रदर्शन**

कक्षा दसवीं और बारहवीं की सीबीएसई परीक्षाओं के परिणामों में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक छिंदवाड़ा में पुनः इतिहास रचते हुए कीर्तिमान बनाया। केंद्रीय विद्यालय के विज्ञान, कामर्स और मानविकी संकाय के कुल 108 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थियों उत्तीर्ण हुए और उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 95.37 रहा। वहीं कक्षा दसवीं के 175 विद्यार्थियों में से 172 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होकर 98.29 प्रतिशत के साथ एक नया कीर्तिमान रचा।

कक्षा 12 वीं में विज्ञान विषय में करण वर्मा 95.02 प्रथम के साथ प्रथम स्थान पर रहे, वहीं कामर्स में अमित कुमार श्रीवास्तव 91.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहे जबकि आर्ट में हर्षिता बिनझाड़े 87.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहीं।

कक्षा दसवीं में अनुराग पवार ने 96.01 प्रतिशत, अनुज पहाड़े ने 94.4 प्रतिशत एवं वंश मालवीय में 93.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में द्वितीय स्थान पर कौशिकी मिश्रा 94.4 प्रतिशत के साथ एवं विवेक तृतीय स्थान पर 92.5 प्रतिशत के साथ रहे। श्याम सोलंकी 89.8 प्रतिशत के साथ कामर्स में द्वितीय स्थान पर जबकि आयशा परवेज 86.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे । आर्ट संकाय में 84.2 प्रतिशत के साथ नैना सोलंकी द्वितीय एवं 81.2 प्रतिशत के साथ देवयानी सरेआम तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय प्राचार्य हरिप्रसाद धारकर ने सभी अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी ।

## फर्स्ट स्टेप सीनियर सेकेंडरी स्कूल छिन्दवाड़ा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** फर्स्ट स्टेप सीनियर सेकेंडरी स्कूल छिंदवाड़ा का कक्षा 12वी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

विद्यार्थियो ने सभी संकायों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय सहित सम्पूर्ण जिले को गौरवान्वित किया स हयुमेनिटीज (कला) संकाय मे छात्रा मुस्कान गुरधे ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिलें मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है साथ ही उत्कर्ष सोनटके ने 93 प्रतिशत और अश्विनी राय ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। वाणिज्य संकाय में आरना नायक 95.8 प्रतिशत, सेजल जैन 95.2 प्रतिशत, माही चौधरी ने 94.6 प्रतिशत, देशना जैन 94.2 प्रतिशत, कनिष्का साहू 93.4 प्रतिशत, गुंजन गोखलानी 93 प्रतिशत, अनीश मिश्रा 91.8 प्रतिशत, आस्था सूर्यवंशी 90 प्रतिशत अंक अर्जित किये है साथ ही 20 से अधिक विद्यार्थियों ने लगभग 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रवीन्य सूची मे अपना स्थान बनाया है।

विज्ञान संकाय मे आशुतोष सेठिया ने 91.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय मे प्रथम स्थान बनाया है। विज्ञान संकाय मे ही यश सक्सेना 90 प्रतिशत अभिनय अनिल काले वंशिका साहू तथा अन्य सभी विद्यार्थियों ने लगभग 85 फीसदी अंक।